an>

Title: Need to restore the halt of Magadh Express, New Delhi-Hawrah Poorva Express, Kalindi Express and Anand Vihar-Guwahati express at Hathras junction.

श्री राजवीर दिलेर (हाथरस): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र हाथरस की ओर दिलाना चाहता हूं।

महोदय, हाथरस जंक्शन पर एन.सी.आर. व एन.ई.आर. का संगम होता है। ब्रिटिश काल से यहां गाड़ियों का आवागमन होता है। एन.सी.आर. के इलाहाबाद डिवीजन के हाथरस जंक्शन पर कालका मेल तथा महानंदा एक्सप्रेस जैसी गाड़ियों का ठहराव पूर्व में हुआ करता था, जिसे अब निरस्त कर दिया गया है। इससे क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

महोदय, मेरा रेल मंत्री जी से आग्रह है कि इन रेलगाड़ियों के पुन: ठहराव करने की कृपा करें व जनता की भारी मांग पर मगध एक्सप्रेस, नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस, कालिन्दी एक्सप्रेस तथा आनन्द विहार-गुवाहाटी एक्सप्रेस के हाथरस जंक्शन पर दो मिनट के ठहराव को शुरू करने की कृपा करें।